सामना करने के लिए सरकार किन उपायों पर विचार कर रही है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) से (ग) चूंकि लगभग प्रत्येक विद्यार्थी एक ही समय में एक से अधिक पाठ्यक्रमों तथा एक से अधिक कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन करता है अतः प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या तथा प्रवेश न ले पाने वालों की सही संख्या नहीं बताई जा सकती। तथापि, पिछले वर्षों की तरह विश्वविद्यालय लगभग सभी पात्र छात्रों को कॉलेजों, नान कालेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड, पत्राचार पाठयक्रम तथा सतत शिक्षा स्कूल और बाह्य छात्र सेल में प्रेवश देने की स्थिति में है।

पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाना

1994. **श्री नागमणि:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय घोषित करने पर विचार करेगी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) वर्ष 1992 में यथासंशोधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में यह उल्लेख किया गया है कि संस्थानों के संवर्गीण सुधार की आवश्यकता को देखते हुए यह प्रस्ताव किया गया है कि निकट भविष्य में विद्यमान संस्थानों के समेकन तथा उनकी सुविधाओं के विस्तार पर बल दिया जाएगा।

Foodgrains Production

1995. SHRI JANARDAN YADAV: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the production of foodgrains during the last three years; item-wise; and

(b) the targeted production of foodgrains in country at the end of the Eighth Five-Year Plan and by the end of the century?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI CHATURANAN MISHRA): (a) The crop-wise production of foodgrains during the last three years i.e. 1993-94, 1994-95 and 1995-96 (Likely) was/is as follows:

PRODUCTION .(In million tonnes)

Crop	1993-94	1994-95	1995-96 (Likely)
Rice	80.30	81.16	80.96
Wheat	59.84	65.47	64.00
Coarse Cereals	30.81	30.35	30.43
Pulses	13.31	14.12	14.97
Total Foodgrains	184.26	191.10	190.36

(b) As per the Eighth Five Year Plan document, the targetted production of foodgrains in the country is 210 million tonnes — at the end of the Eighth Five Year Plan i.e. 1996-97, and 245 million tonnes for 2001-02